RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 12 अप्रैल 2025 | वर्ष 06 | अंक 361 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये


# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक


**बैंकों में मराठी का इस्तेमाल करें...**
नहीं तो तेज होगा आंदोलन, राज ठाकरे की सीधी चेतावनी!



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई से लेकर कोलकाता की सड़कों तक प्रदर्शन
# वक्फ संशोधन कानून को लेकर नारेबाजी

**मुंबई :** वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ जुमे की नमाज के बाद देश की सड़कों पर प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई, पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता, बिहार की राजधानी पटना और यूपी की राजधानी लखनऊ में बड़ी संख्या में मुस्लिम संघटन के लोग सड़कों पर आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



### मुंबई के चिश्ती हिंदुस्तानी मजीद में प्रदर्शन

मुंबई के भायखला स्थित चिश्ती हिंदुस्तानी मजीद में वक्फ कानून के खिलाफ साइलेंट विरोध प्रदर्शन किया गया। आईएमआईएम नेता वारिस पठान मजीद भी इस प्रदर्शन में पहुंचे। इस दौरान कुछ नमाजी अपना विरोध दर्शाने के लिए काले फीते हाथ पर बांध कर नमाज पढ़ने आए।

### कोलकाता में मुस्लिम छात्र उतरे सड़कों पर

वहीं, कोलकाता में आलिया यूनिवर्सिटी में वक्फ बिल के खिलाफ प्रदर्शन हुए हैं। छात्र इस विश्वविद्यालय से पार्क सर्कस तक मार्च कर रहे हैं। इन सभी प्रदर्शनकारियों के हाथों तख्ती और पोस्टर बैनर भी रहे।

### लखनऊ के बड़े मामबाड़े पर भी प्रदर्शन

लखनऊ में बड़े इमामबाड़े के आसिफी मस्जिद के बाहर जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शन हुआ। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने वक्फ कानून को लेकर कहा कि ये बिल सही नहीं है। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस की टीम पर बड़े इमामबाड़े पर मौजूद रही।

### शांत रही दिल्ली फिर कानून को लेकर लोगों में आक्रोश

वहीं, दिल्ली के जमा मस्जिद में जुमे कि नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। यहां पर कोई भी काली पट्टी पहन कर नमा पढ़ने नहीं आया।

नमाज के बाद किसी तरह का कोई प्रदर्शन नहीं हुआ। वक्फ बिल कानून को लेकर मुस्लिमों में नाराजगी है। दिल्ली के जामा मस्जिद में नमाज के लिए आए लोगों का कहना है कि वक्फ बिल गलत है। मुसलमानों के खिलाफ है। सरकार वक्फ बिल पास करके मुसलमानों का हक लेना चाहती है।

## मुंबई : बिल्डर फायरिंग केस; आरोपी फिरोज बदरुद्दीन खान को मुंबई पुलिस ने मीरा रोड से किया गिरफ्तार



**मुंबई :**चेंबूर पुलिस स्टेशन में दर्ज सी.आर. संख्या 172/25 के तहत बीएनएस की धारा 109 और 3(5) के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 3 और 25 के तहत दर्ज चेंबूर फायरिंग केस के मुख्य आरोपी फिरोज बदरुद्दीन खान (आयु 54), जो कि सांताक्रूज, मुंबई के निवासी हैं, को मुंबई की क्राइम ब्रांच की टीम ने मीरा रोड (पूर्व) के नया नगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आगे की जांच जारी है।

बुधवार को नवी मुंबई के 50 वर्षीय बिल्डर सदरुद्दीन खान अपनी लैंड रोवर में यात्रा कर रहे थे, जब उनके हमलावरों ने उन पर कम से कम तीन गोलियां चलाईं। नवी मुंबई के बेलापुर के निवासी खान पनवेल जा रहे थे, जब रात करीब 9:30 बजे उन पर हमला किया गया। शूटरों ने खान पर उस समय गोली चलाई जब उनकी कार व्यस्त डायमंड गार्डन ट्रैफिक जंक्शन पर एक ट्रैफिक सिग्नल पर रुकी थी। उन्होंने ट्रॉम्बे के रास्ते मैत्री पार्क तक एक किलोमीटर तक उनकी कार का पीछा किया। पुलिस ने कहा कि खान आगे की यात्री सीट पर बैठे थे। एक गोली खान के चेहरे को छूती हुई निकल गई। उनकी चोटों का इलाज किया जा रहा है। कार से दो गोलियां बरामद की गई हैं, जबकि तीसरी कार में लगी है, लेकिन अभी तक बरामद नहीं हुई है। ऐसा प्रतीत होता है कि हमलावरों द्वारा खान का पीछा करते समय वाहन पर सामने से गोली चलाई गई थी। अब खान खतरे से बाहर हैं। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# बांद्रा में ड्रग तस्करों का विरोध करने पर एक व्यक्ति की हत्या परिवार के दो सदस्य घायल



**मुंबई :** बांद्रा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात दरगाह गली इलाके में हुए हमले के सिलसिले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि आरोपी कथित तौर पर पीड़ित शाकिर अली सेंडोले के घर में घुसे और उन पर और उनके परिवार के सदस्यों पर हमला किया। शाकिर की मौत हो गई, जबकि उनकी भाभी शिरीन और भतीजे अफजल घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इमरान पठान, उनकी पत्नी फातिमा जाकिर अली उर्फ कायनात, उस्मान जाकिर अली और जाकिर अली सेंडोले को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पठान और उनकी पत्नी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और वे बांद्रा में ड्रग्स की सप्लाई करते थे। उन्होंने बताया कि आगे की जांच जारी है। मृतक की बहन फिरोजा ने दावा किया, ड्रग्स तस्कर सलमान मलिक और उनकी पत्नी सोनी पठान दंपति को ड्रग्स सप्लाई करते थे और मेरे भाई शाकिर ने दरगाह गली इलाके में ड्रग्स की तस्करी का विरोध किया था।' उन्होंने बताया कि परिवार ने पहले भी आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जो लगातार धमकियां दे रहे थे।

# मुंबई 1 नाम के एक एकल कार्ड की शुरुआत जल्द

**मुंबई :** महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में सार्वजनिक परिवहन के लिए मुंबई 1 नाम के एक एकल कार्ड की शुरुआत जल्द की जाएगी। इस एकल कार्ड का उपयोग मेट्रो, मोनो रेल, उपनगरीय लोकल ट्रेन और सार्वजनिक परिवहन की बसों में यात्रा के लिए किया जा सकेगा। मुंबई की लाइफ लाइन कहीं जाने वाली लोकल ट्रेन में सुधार के लिए केन्द्र सरकार ने 238 नई वातानुकूलित ट्रेन को मंजूरी दी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि कार्ड की डिजाइन एक महीने में तैयार हो जाएगी। इस एकल कार्ड व्यवस्था से यात्रियों को अलग अलग टिकट लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।




रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाराष्ट्र में 1,73,804 करोड़ रुपये के रेलवे कार्य चल रहे हैं और इस साल 23,778 करोड़ रुपये के नए कार्यों को मंजूरी दी गई है। मुंबई उपनगरीय नेटवर्क के लिए 238 नई वातानुकूलित ट्रेन को मंजूरी दी गई है और उनका निर्माण जल्द ही शुरू हो जाएगा। मुंबई शहर में 17,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं और इससे देश की वित्तीय राजधानी में रेलवे नेटवर्क का कायापलट हो जाएगा।

## ठाणे में दिव्यांग महिला यात्री का यौन उत्पीड़न करने पर ऑटो चालक गिरफ्तार

**ठाणे :** डोंबिवली में एक ऑटोरिक्शा चालक द्वारा दिव्यांग महिला यात्री का यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया है। फिलहाल इस आरोप में ऑटोरिक्शा चालक को गिरफ्तार किया गया है। तिलकनगर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि घटना 7 अप्रैल को हुई थी। जब 30 वर्षीय पीड़िता सोनारपाड़ा में अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए ऑटोरिक्शा में बैठी थी। कुछ दब जाकर आरोपी ऑटो चालक ने रास्ता बदलकर मुंब्रा में एक सुनसान जगह पर जाकर महिला का यौन उत्पीड़न किया। बाद में महिला द्वारा अपने परिजनों को सूचित करने के बाद, बुधवार को उसकी मां की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### परिवार को बचाने की चुनौती...

हाल में उच्चतम न्यायालय ने परिवारों के टूटने और उनके स्वरूप बदलने पर गहरी चिंता प्रकट की। अदालत ने कहा, ह्यहम तो वसुधैव कुटुंबकम्ह्न में विश्वास करते हैं, लेकिन हमारे देश में पारिवारिक मूल्य खत्म होते जा रहे हैं। हमारे यहां माता-पिता और बच्चों के बीच भी पारिवारिक मूल्य नहीं बचे हैं। वे जमीन-जायदाद के झगड़ों के लिए अदालतों तक पहुंच रहे हैं। हमारे यहां वन परसन-वन फैमिली का विचार जगह बना रहा है। यदि बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए जरूरी हो, तो बच्चों को जमीन-जायदाद से बेदखल किया जा सकता है, मगर जिस मामले की हम सुनवाई कर रहे हैं, वहां तो लड़का माता-पिता की देखभाल करता है।ह्न अदालत ने ट्रिब्यूनल के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें बेटे से घर खाली करने को कहा गया था। यह सच है कि कई बार माता-पिता सचमुच बच्चों द्वारा सताए जाते हैं, लेकिन कई बार वे सिर्फ अपनी ही चलाना चाहते हैं और जरा भी झुकने को तैयार नहीं होते। अपने देश में जो भी थोड़े-बहुत पारिवारिक मूल्य बचे हैं, उनका लगातार क्षरण हो रहा है। अपने यहां स्त्रियों को परिवार और आदर्शों के नाम पर तरह-तरह से परेशान किया गया है, सताया गया है। अब जब स्त्रियां लगातार शिक्षित हो रही हैं, आत्मनिर्भर बन रही हैं, तो उन्हें परिवार का वह स्वरूप नहीं चाहिए, जिसमें उन्हें हमेशा सेविका के रूप में ही देखा जाए। यह ठीक भी है। अपने देश में परिवार का स्वरूप स्त्रियों के लिए शोषण मूलक भी रहा है, लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि परिवार संस्था को एकदम ही खत्म कर दिया जाए।

आज भी परिवार से बड़ी शक्ति दुनिया भर में दूसरी नहीं है। तभी तो पश्चिम परिवार और पारिवारिक मूल्यों की गुहार लगा रहा है। हालांकि वहां परिवार के लोगों द्वारा देखभाल को भी केयर इकोनमी का नाम दिया जाता है और इसके बदले पैसे देने की मांग की जाती है। भारत में भी ऐसी मांग उठती रहती है। अपने देश में ऐसे संयुक्त परिवार तो शायद बहुत ही कम बचे होंगे, जहां दादा-दादी, माता-पिता, चाचा, ताऊ, उनके बाल बच्चे सब इकट्ठे रहते हों। अब तो परिवार का मतलब पति-पत्नी और बच्चे ही रह गए हैं। दशकों से एकल परिवारों को आदर्श बताया जाता रहा है। आपको शायद याद हो कि हमारे यहां परिवार नियोजन के विज्ञापन कहते थे-हम दो, हमारे दो। यदि आज परिवारों के ढांचे पर नजर डालें, तो आम तौर पर मध्यवर्गीय परिवारों में एक बच्चे का चलन बढ़ा है। चाहे लड़का हो या लड़की, सिर्फ एक बच्चा। इसके कारण आर्थिक और सामाजिक भी हैं। मध्यवर्ग की अधिकांश महिलाएं नौकरी करती हैं। वे न अधिक बच्चों को जन्म दे सकती हैं, न ही उनके पालने-पोसने, शिक्षा के लगातार महंगे होने के खर्चे ही उठाए जा सकते हैं। हालांकि चीन की एक बच्चा नीति के दुष्परिणाम भी हमने देखे ही हैं। ऐसे में यदि एक बच्चा है, तो उनकी पीढ़ी ऐसी होगी, जिनके आसपास बहुत से रिश्ते नहीं होंगे। जैसे जिनका एक बेटा है, उसकी कोई बहन नहीं होगी। इस लड़के का मान लो कोई बच्चा हुआ तो वह बुआ और उसके बच्चों के रिश्तों को भी नहीं जानेगा। जिनकी एक बेटी है, उसका कोई भाई नहीं होगा।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# बैंकों में मराठी का इस्तेमाल करें...

## नहीं तो तेज होगा आंदोलन, राज ठाकरे की सीधी चेतावनी !

**मुंबई :** तमिलनाडु के बाद अब महाराष्ट्र में भी भाषा विवाद बढ़ता ही जा रहा है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शीर्ष बैंक निकाय से कहा है कि वह बैंकों को निर्देश दे कि वे आरबीआई के मानदंडों के अनुसार अपनी सेवाओं में मराठी का उपयोग करें, अन्यथा मनसे अपना आंदोलन तेज करेगी।



**भारतीय बैंक संघ को राज ठाकरे ने सौंपा पत्र**

मनसे नेताओं द्वारा बुधवार को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) को सौंपे गए पत्र में ठाकरे ने यह भी कहा कि यदि बैंक अपनी सेवाओं में तीन भाषा फामूर्ले – अंग्रेजी, हिंदी और स्थानीय भाषा (महाराष्ट्र के मामले में मराठी) का पालन नहीं करते हैं तो कानून- व्यवस्था खराब होने के लिए बैंक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**ठाकरे ने पत्र में कही ये बात**

ठाकरे ने आईबीए को लिखे पत्र में कहा कि आप बैंकों को (सेवाओं में) मराठी का उपयोग करने के लिए आवश्यक निर्देश दें, अन्यथा मनसे अपना आंदोलन तेज करेगी और उसके बाद कानून- व्यवस्था की जिम्मेदारी संबंधित बैंकों की होगी।

पत्र में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र और निजी बैंकों में क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग के बारे में एक परिपत्र जारी किया है, लिहाजा बैंकों में बोर्ड तीन भाषाओं – हिंदी, अंग्रेजी और उस राज्य की क्षेत्रीय भाषा में होने चाहिए। पत्र में कहा गया है कि यहां तक कि सेवाएं भी तीन भाषाओं में होनी चाहिए।

**राज ठाकरे शनिवार को आंदोलन रोकने को कहा था**

इससे पहले, ठाकरे ने शनिवार को मनसे कार्यकताओं से बैंकों और अन्य प्रतिष्ठानों में मराठी के उपयोग को लागू करने के लिए आंदोलन को फिलहाल रोकने के लिए कहा था। ठाकरे ने कहा था कि हमने इस मुद्दे पर पर्याप्त जागरूकता पैदा कर दी है।

**कई बार हो चुका है विवाद**

आंदोलन के बाद यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर कहा कि मनसे कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले लोग बैंक शाखाओं में जाकर कर्मचारियों को धमका रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 30 मार्च को अपनी गुड़ी पड़वा रैली में, ठाकरे ने आधिकारिक कामकाज के लिए मराठी को अनिवार्य बनाने के अपनी पार्टी के रुख को दोहराया था।

## महाराष्ट्र में शिवसेना विधायक के होटल में लगी भीषण आग,

### फायरकर्मियों ने रेस्क्यू कर बचाई 4 लोगों की जान



**छत्रपति संभाजी नगर:** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में गुरुवार को एक होटल में आग लग गई। 6 मंजिला इस होटल का नामग्रैंड सरोवर है। अच्छी बात यह है इस हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। सभी लोगों को समय रहते होटल से बाहर निकाल लिया गया था। बताया जा रहा है कि जिस होटल में आग लगी है, वह एकनाथ शिंदे की शिवसेना गुट के विधायक प्रदीप जायसवाल का है। अभी तक आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मामले की जांच कर रही है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (क्र्ल्क) उषा रंगनानी ने कहा कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

**होटल के अंदर फंसे थे चार लोग**

हादसे की जानकारी देते हुए अग्निशमन विभाग ने बताया कि आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। आग लगने के बाद होटल के अंदर चार लोग फंस गए थे, लेकिन दमकल कर्मियों ने समय रहते उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। स्थिति अब पूरी तरह से नियंत्रण में है। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट लग रहा है।पूरी जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के निकट एक इमारत में आग लगीवहीं कलकत्ता उच्च न्यायालय के निकट एक इमारत में बृहस्पतिवार को आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बहुमंजिला इमारत में एक खाली पड़ी लिफ्ट के पास जमा कचरे में दोपहर करीब 1 बजकर 55 मिनट पर आग लगी। उन्होंने कहा कि आग बुझाने के लिए दमकल की चार गाड़ियों को लगाया गया और घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

## ठाणे में इंजीनियरिंग के छात्र ने किया स्कूली छात्रा का यौन उत्पीड़न, तो वहीं शिक्षक के साथ 66 लाख रुपये का घोटाला



**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक स्कूली छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में पुलिस ने इंजीनियरिंग के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कथित अपराध बुधवार सुबह उस समय किया गया जब कक्षा नौवीं की छात्रा अपने घर जा रही थी। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी (18) ने छात्रा को गले लगाया और उसे गलत तरीके से छुआ।

उत्पीड़न के बारे में जानने के बाद छात्रा की मां ने वागले एस्टेट थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग के छात्र के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 375 (यौन उत्पीड़न) और 378 (पीछा करना) तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उप निरीक्षक अतुल जगताप ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**ऑनलाइन निवेश घोटाला**

तो वहीं दूसरी घटना में ठाणे जिले में एक स्कूली शिक्षक ऑनलाइन निवेश घोटाले का शिकार हो गए और उन्होंने 66 लाख रुपये गंवा दिए। शुक्रवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कल्याण निवासी 54 वर्षीय शिक्षक ने पुलिस को बताया कि खुद को सुनीता चौधरी बताने वाली एक महिला ने सोशल मीडिया पर उनसे दोस्ती की और उन्हें एक वेबसाइट के जरिए अच्छे लाभ का वादा करते हुए एक योजना में निवेश करने के लिए राजी कर लिया।

**50 दिन के भीतर 66 लाख रुपये का निवेश**

कोलसेवाड़ी थाने के पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षक ने इसके बाद करीब 50 दिन के भीतर कथित योजना में 66 लाख रुपये का निवेश किया। जब शिक्षक ने निवेश की गई रकम को वापस मांगना शुरू किया तो आरोपी से संपर्क नहीं हो सका, हालांकि इससे पहले तक वह 2 अलग-अलग मोबाइल फोन नंबर के माध्यम से उनसे संपर्क में थी। जिसके बाद उन्हे ठगी का एहसास हुआ। अधिकारी ने बताया कि पुलिस आरोपी से जुड़े आईपी एड्रेस, मोबाइल लोकेशन और डिजिटल लेनदेन का पता लगाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# मुंबई में टैंकर से जल आपूर्ति बंद, जल टैंकर संघ ने रोका कामकाज... मुंबई मनपा के नोटिस का विरोध

**मुंबई :** मुंबई जल टैंकर संघ (एमडब्ल्यूटीए) ने गुरुवार को शहर में पानी की आपूर्ति अनिश्चित काल के लिए रोक दी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह कदम टैंकरों को पानी की आपूर्ति करने वाले निजी कुओं के मालिकों को महानगर पालिका द्वारा जारी नोटिस के विरोध में उठाया गया। एमडब्ल्यूटीए के प्रवक्ता अंकुर शर्मा ने बताया कि संघ के पास करीब 1,800 पंजीकृत टैंकर हैं, जिनकी क्षमता 500-20,000 लीटर है। वे शहर के विभिन्न हिस्सों में करीब 350 एमएलडी पानी की आपूर्ति करते हैं, जिसमें दक्षिण मुंबई के ऊंचाई वाले इलाके भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी ने अनिश्चितकालीन अवकाश ले लिया है तथा अपने परिचालन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है।

**महानगरपालिका से लगातार नोटिस मिल रही**

शर्मा ने बताया कि प्राधिकारियों ने 200 वर्ग मीटर भूमि, कुएं के पट्टे या स्वामित्व का प्रमाण, डिजिटल जल प्रवाह मीटर की स्थापना, बीआईएस मानक का पालन, दैनिक जलग्रहण का सटीक माप और कुछ अन्य चीजों को अनिवार्य कर दिया है। इसके



अलावा केंद्रीय भूजल प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी लेना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुंबई जैसे शहर में इन सभी नियमों को लागू करना मुश्किल है। जब तक सरकार इन शर्तों में कुछ ढील नहीं देती, टैंकर सेवाएं फिर से शुरू नहीं होंगी। शर्मा ने कहा, हमने अपना व्यापार बंद कर दिया है।'' उन्होंने कहा कि एमडब्ल्यूटीए ने अपने मुद्दों के संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय और अन्य प्राधिकारियों को पत्र लिखा है।

शर्मा ने दावा किया कि मुंबई उपनगर के पालक मंत्री आशीष शेलार ने भी जल शक्ति बोर्ड को निजी कुओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के बारे में एक पत्र लिखा था, लेकिन उनके मालिकों को बृहन्मुंबई महानगरपालिका से लगातार नोटिस मिल रहे हैं। मनपा प्रशासन ने निजी कुआ मालिकों को पानी सप्लाई करने के लिए केंद्रीय भूजल प्राधिकरण से एनओसी लेने का निर्देश दिया है। मनपा ने कहा है कि एनओसी नहीं लेने पर उन्हें दी गई उनकी मौजूदा अनुमति रद्द कर दी जाएगी। टैंकर संघ का कहना है कि केंद्रीय भूजल प्राधिकरण से एनओसी लेने के लिए केवल पीने योग्य पानी के लिए आवश्यक है, जबकि निजी कुएं के पानी का उपयोग पीने के लिए नहीं किया जाता, जिससे उन्हें एनओसी की जरूरत नहीं है। मनपा का कहना है कि एनओसी के बिना पानी खींचने की प्रक्रिया जारी रहने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निजी टैंकर मालिकों की तरफ से पानी की आपूर्ति रोकने से मुंबई के कई फाइव स्टार होटल, ऊंची इमारतें, झोपड़पट्टियां और बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स जैसे मेट्रो रेल, बुलेट ट्रेन, कोस्टल रोड, रोड कंक्रीटाइजेशन और पुल निर्माण आदि की जल आपूर्ति गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है।

## अवैध बैनर लगाने वालों पर मामला दर्ज




**भायंदर :** शहर में अवैध तरीके से बैनर लगाने वालों पर मामला दर्ज किया गया है। मनपा से प्राप्त जानकारी के आधार पर प्रभाग क्रमांक 4 में रामदेव पार्क स्थित हिदुस्तान बैंक के सामने 10 .15 का बैनर बिना किसी अनुमति के लगाया गया था। इस मामले में सतीश पांडे एवं निशा नावेकर पर नवघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है । मनपा ने एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा जानकारी दी है की उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर इस तरह के अवैध बैनर, पोस्टर लगाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। मिरा - भायंदर मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा ने भी शहर के सभी राजनीतिक सामाजिक एवं सभी नागरिकों से आ''न किया है की मनपा की अनुमति बिना अवैध तरीके से बैनर पोस्टर लगाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पालघर में बनेगा 150 बेड का ESIC अस्पताल, मात्र एक रुपए में मिली भूमि...




**पालघर :** पालघर जिले के नागरिकों और श्रमिक वर्ग के लिए एक ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी निर्णय लिया गया है। मौजे कुंभवली, तालुका एवं जिला पालघर के सर्वेक्षण क्रमांक 1775/57 की भूमि पर 150 बेड वाला अत्याधुनिक ईएसआईसी (ESIC) अस्पताल निर्माण की मंजूरी दी गई है। खास बात यह है कि इस परियोजना के लिए आवश्यक भूमि सरकार ने केवल 1 रुपए के मामूली शुल्क पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। यह महत्वपूर्ण फैसला बुधवार, 9 अप्रैल को मुंबई स्थित मंत्रालय में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया।

बैठक में प्रस्तावित अस्पताल के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी विभागों ने इस योजना को जल्द से जल्द मूर्त रूप देने के लिए सहमति जताई। सांसद डॉ. हेमंत विष्णु सवरा ने पिछले 10 महीनों से इस परियोजना को साकार करने के लिए लगातार प्रयास किए।

उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर इस विषय पर ज्ञापन भी सौंपा था। वहीं, जिला प्रमुख कुंदन सांखे बीते दो वर्षों से इस अस्पताल के लिए सक्रिय रूप से संघर्षरत रहे हैं। दोनों जनप्रतिनिधियों के प्रयास अब रंग ला रहे हैं। बैठक में जिला कलेक्टर इंदुरानी जाखड़, विभागीय आयुक्त विजय सूर्यवंशी, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## ठाणे मनपा लगाएगी 950 सीसीटीवी, छात्रों की सुरक्षा अब कैमरों की नजर में...



**ठाणे :** बदलापुर की एक घटना ने ठाणे मनपा को झकझोर कर रख दिया था। स्कूली छात्रों की सुरक्षा को लेकर गंभीर होते हुए ठाणे मनपा ने बड़ा कदम उठाया है। अब मनपा के अधीन 129 स्कूलों में 950 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसका टेंडर जारी कर दिया गया है और इस योजना पर करीब ढाई करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। बता दें कि अब तक स्कूलों के केवल प्रवेश और निकास द्वारों पर 260 कैमरे लगाए गए थे, लेकिन अब कैमरे स्कूल के मैदान, रास्तों, सीढ़ियों और शौचालयों के बाहर जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाए जाएंगे।

इस तरह से पूरी स्कूल इमारत सीसीटीवी निगरानी के दायरे में आ जाएगी। ठाणे मनपा के 77 इमारतों में संचालित 129 स्कूलों में लगभग 28 हजार विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इनमें से करीब 18 हजार छात्राएं हैं। उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। मनपा के विद्युत विभाग ने इसका कार्यभार संभाल लिया है और जून से नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही कैमरे शुरू करने की योजना है।

## ठाणे : भिवंडी में टोरेंट पॉवर की केबल चोरी... दो आरोपियो की 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**भिवंडी :** टोरेंट पॉवर लिमिटेड की लाइव पॉवर केबल चोरी के मामले में शहर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह घटना 4 अप्रैल की रात पन्ना कंपाउंड, न्यू कनेरी, भिवंडी में घटी थी, जहां से कुल 40 मीटर बिजली केबल चोरी हो गया था। कंपनी की शिकायत पर शहर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अली नसीरुद्दीन सिद्दीकी और नदीम मोहम्मद सलीम



खान को गिरफ्तार किया। दोनों को भिवंडी सत्र न्यायालय में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। टोरेंट पॉवर लिमिटेड भिवंडी शहर में बिजली आपूर्ति और बिल वसूली का कार्य देखती है। इस तरह की घटनाएं न केवल बिजली आपूर्ति को बाधित करती हैं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा को भी खतरे में डालती हैं।

टोरेंट पॉवर कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी वेतन बिदयानी ने कहा, रहम बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केबल चोरी जैसी घटनाएं न केवल अवैध हैं, बल्कि इससे आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। हमने समय पर पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई में सहयोग किया और आगे भी ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे। हम भिवंडीवासियों से अपील करते हैं कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत कंपनी या पुलिस को दें। शहर पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## वसई में अलग-अलग पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 2 शख्स की डूबने से मौत !

**वसई :** अलग-अलग पुलिस स्टेशन क्षेत्र में दो लोगो की डूबने से मौत होने की घटना सामने आई है। एक की नाले में डूबने से और दूसरे की कुएं डूबने से मौत हुई है। फिलहाल, दोनों मामले में वसई पुलिस स्टेशन ने एडीआर के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, विजय शंकर वाडु (उम्र 54 वर्ष), निवासी ओलबांवाडी, वसई पश्चिम में रहता था। बताया गया है कि विजय 7 अप्रैल को रात्रि करीब 11:00 बजे बिना किसी को बताये घर से निकल गया था। वह शराब पीने के आदी था, 8 अप्रैल को रात्रि 11 बजे के



आसपास वह वसई पश्चिम के बभोला स्थित बिग बाजार (स्मार्ट बाजार) के नाले के पानी में तैरता हुआ पाया गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की मदद से उसे बाहर निकाला गया और इलाज के लिए एम्बुलेंस से सर डी.एम. पेटिट अस्पताल, परनाका ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसकी जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। दूसरा मामला मोनुकुमार अलफुराम प्रसाद (उम्र 30 वर्ष) निवासी गिरिज, कोंदाडवाडी वसई पश्चिम में रहता था। बताया गया है कि, प्रसाद की नहाते समय कुएं में डूबने से मौत हो गई।

# मुंबईः डेविड हेडली के लगातार संपर्क में रहा तहव्वुर राणा;

## 18 दिनों के लिए एनआईए की हिरासत...

**मुंबई** : मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा ने ही सह-साजिशकर्ता डेविड कोमलैन हेडली को भारत का वीजा दिलाने में मदद की थी। हेडली ने मुंबई हमले से पहले यहां आकर रेकी की थी। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि गुरुवार को ही तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। भारत पहुंचने पर एनआईए ने गुरुवार शाम को तहव्वुर राणा को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली की विशेष अदालत ने राणा को 18 दिनों के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया है।



तहव्वुर राणा पाकिस्तानी सेना की मेडिकल कोर में काम कर चुका है और सेना से रिटायर होने के बाद वह 90 के दशक में कनाडा शिफ्ट हो गया। कनाडा जाने से पहले तहव्वुर राणा अमेरिका के शिकागो गया, जहां उसने एक इमीग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म शुरू की थी। पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि अपनी इमीग्रेशन फर्म के द्वारा ही तहव्वुर राणा ने मुंबई हमले के सह-साजिशकर्ता डेविड हेडली को भारतीय वीजा का दस साल का एक्सटेंशन दिलाने में मदद की थी। डेविड हेडली ने ही मुंबई हमले के लिए रेकी की थी।

भारत में रहने के दौरान हेडली ने भी इमीग्रेशन संबंधी काम करने का दिखावा किया और इस दौरान वह तहव्वुर राणा के नियमित संपर्क में बना रहा। पुलिस के अनुसार, डेविड हेडली के भारत में रहने के दौरान उसकी तहव्वुर राणा से 230 से अधिक बार फोन पर बात हुई।

मुंबई आतंकी हमले से कुछ दिन पहले ही साल 2008 में तहव्वुर राणा भी भारत आया था। भारत प्रवास के दौरान राणा पवई के एक होटल में रहा था और इस दौरान उसने एक व्यक्ति से मुंबई के भीड़भाड़ वाले इलाकों की जानकारी ली थी। जिस व्यक्ति ने ये जानकारी दी, उसने अदालत में गवाही दी है। जब मुंबई में हमला हुआ तो बताई गई भीड़भाड़ वाली जगहों को भी निशाना बनाया गया। मुंबई हमले में 166 लोगों की जान चली गई थी।

# मुंबई : विज्ञापन कंपनी द्वारा मार्केटिंग के उद्देश्य से रखे गए टैबलेट चोरी; अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई** : मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक विज्ञापन कंपनी द्वारा मार्केटिंग के उद्देश्य से रखे गए तीन सैमसंग गैलेक्सी ए9 टैबलेट में से एक चोरी हो गया। कंपनी ने एयरपोर्ट के लेवल 3 पर अपनी दो कारें प्रदर्शित की थीं और वाहनों के बारे में जानकारी साझा करने के लिए टैबलेट उपलब्ध कराए थे। 1 अप्रैल को 20,000 रुपये की कीमत वाली एक टैबलेट चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, हालांकि, आरोपी की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। सहार पुलिस ने 8 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता, मीरा रोड निवासी 52 वर्षीय वीरेंद्र कौशिक,




विज्ञापन और इवेंट मैनेजमेंट से जुड़ी एमपीएम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी चलाते हैं। उनकी कंपनी टाइम्स इनोवेटिव मीडिया लिमिटेड की भागीदार है।इस भागीदारी के माध्यम से, कौशिक की कंपनी ने मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लेवल 3 पर सुरक्षा-पकड़ क्षेत्र में टोयोटा के हाइडर और टैसर मॉडल के प्रदर्शन की व्यवस्था की थी। कारों को विपणन उद्देश्यों के लिए प्रदर्शित किया गया था, तथा साइट पर तीन प्रमोटरों को तैनात किया गया था।

# ठाणे में 10 साल की बच्ची की रेप के बाद उसका गला काटा, शव को 6वीं मंजिल से नीचे फेंका... आरोपी आसिफ अकबर मंसूरी गिरफ्तार

**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे में 10 साल की बच्ची की रेप के बाद गला काटकर हत्या कर दी गई। इसके बाद आरोपी ने शव को 6वीं मंजिल के अपने फ्लैट की बाथरूम की खिड़की से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने 20 साल के आरोपी आसिफ अकबर मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया है। ठाणे पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार रात को मुंब्रा इलाके के सम्राट नगर इलाके के में हुई। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन चीफ यासीन तड़वी ने




बताया कि घटना की जानकारी रात 11.48 बजे मिली थी। जिस इमारत में यह घटना हुई वो 10 मंजिला है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी बिहार के बांका जिले के सुल्तानपुर का रहने वाला है। वो खिलौना देने का लालच देकर बच्ची को अपने साथ ले गया था। इसके बाद 6वीं मंजिल पर मौजूद अपने फ्लेट में उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ POCSO, हत्या, सबूत मिटाने और झूठी जानकारी देने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के फ्लैट की तलाशी ली गई। वहां से सबूत मिले हैं। आरोपी ने बिल्डिंग के पीछे मौजूद नाले में शव फेंका था। आस-पास रहने वाले लोगों ने तेज आवाज सुनी थी। इसके बाद लोगों ने शव देखा था।

# ठाणे : शिवसेना यूबीटी विधायक सुनील राउत के खिलाफ मामला दर्ज.....

**ठाणे** : ठाणे जिले के डोंबिवली में एक ऑटोरिक्शा चालक द्वारा दिव्यांग महिला यात्री का यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया है। फिलहाल इस आरोप में ऑटोरिक्शा चालक को गिरफ्तार किया गया है। तिलकनगर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि घटना 7 अप्रैल को हुई थी। जब 30 वर्षीय पीड़िता सोनारपाड़ा में अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए ऑटोरिक्शा में बैठी थी। कुछ दब जाकर आरोपी ऑटो



चालक ने रास्ता बदलकर मुंब्रा में एक सुनसान जगह पर जाकर महिला का यौन उत्पीड़न किया। बाद में महिला द्वारा अपने परिजनों को सूचित करने के बाद, बुधवार को उसकी मां की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ निरीक्षक विजय कदम ने बताया कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने और वाहन का विवरण प्राप्त करने के बाद फैजल खान को दिवा से गिरफ्तार किया गया। खान के वकील अनिरुद्ध कुलकर्णी ने कहा कि उनका मुवक्किल निर्दोष है। कदम ने बताया कि कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय ने खान को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

# नासिक : 80 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रोफेसर ने अपनी बीमार पत्नी की हत्या करने के बाद कर ली आत्महत्या



**नासिक** : नासिक में एक 80 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रोफेसर ने अपनी बीमार पत्नी की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मुरलीधर रामचंद्र जोशी ने सुसाइड नोट में लिखा है कि वह अपनी पत्नी लता को लंबी बीमारी से ''मुक्त'' कर रहे हैं। इसके साथ ही वह स्वयं भी मौत को गले लगा रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह पिछले चार वर्षों से केयरटेकर सीमा राठौड़ की मदद से अपनी पत्नी की देखभाल कर रहे थे। बुधवार दोपहर को राठौड़ सुबह का काम खत्म करने के बाद जेल रोड स्थित दंपती के घर से निकलीं। जब वह करीब सात बजे लौटीं और अपने पास पड़ी चाबियों से दरवाजा खोला तो दंपती को मृत पाया। अधिकारी के अनुसार, जोशी ने अपनी पत्नी का गला घोंटकर हत्या की और खुद को फांसी लगा ली। उन्होंने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है।

इसमें लिखा था कि मैं अपनी पत्नी लता से बहुत प्यार करता हूं। वह बिस्तर पर पड़ी हैं। वह अपनी बीमारी से बहुत परेशान हो चुकी हैं। मैं उन्हें और खुद को भी इससे मुक्त कर रहा हूं। सुसाइड नोट में लता की सेवा करने के लिए राठौड़ की प्रशंसा की गई है। इसमें कहा गया है कि हमारे अंतिम संस्कार के लिए पैसे अलग रखे हुए हैं। किसी को भी हमारे अंतिम संस्कार के लिए पैसे नहीं खर्च करने चाहिए।

# मुंबईः ऑटो यूनियन का ई-बाइक टैक्सी नीति का विरोध; राज्यव्यापी विरोध की रणनीति...

**मुंबईः** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महायुति सरकार ने मुंबई से महाराष्ट्र के तमाम शहरों में बाइक टैक्सी दौड़ाने को स्वीकृति दी है, लेकिन सरकार द्वारा बाइक टैक्सी नीति को कैबिनेट में मंजूरी दिए जाने के साथ ही ऑटो चालकों को भौहें तन गई हैं। सरकार के फैसले का तमाम ऑटो यूनियन और संगठन विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार ने इस नीति मंजूरी देने से पहले उनसे कोई विचार विमर्श नहीं किया। बाइक टैक्सी की शुरूआत से ऑटो चालकों को जीविका प्रभावित होगी। ऑटो यूनियन की तरफ से न सिर्फ ई बाइक टैक्सी नीति का विरोध हो रहा है बल्कि उनकी तरफ से राज्यव्यापी विरोध की रणनीति भी बनाई जा रही है।



### ऑटो यूनियन नहीं है खुश

राज्य सरकार ने जब बाइक नीति को अपनी स्वीकृति दी थी तब सरकार ने कहा था कि राज्य में 1 लाख से अधिक की आबादी वाले शहरों में बाइक टैक्सी दौड़ेगी। महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा था बाइक टैक्सी में सिर्फ ई-बाइक चलाने की अनुमति होगी। बाइक टैक्सी चलाने के फैसले ऑटो यूनियन खुश नहीं हैं। मिड डे की रिपोर्ट के अनुसार मुंबई में 4.5 लाख ऑटो हैं जबकि पूरे राज्य में 12 लाख ऑटो हैं। इनमें काफी ऑटो चालक अभी भी लोन चुका रहे हैं। सरकार के फैसले इनकी कमाई पर असर पड़ेगा। महाराष्ट्र सरकार के फैसले से नाखुश ऑटो यूनियन मद्रास हाईकोर्ट के फैसले का हवाला दे रहीं हैं उनका कहना है कि वहां अदालत ने बैन आग दिया है। मिड डे से बातचीत में ऑटो रिक्शा मालक चालक संगठन के प्रमुख शशांक शरद राव ने कहा कि बाइक टैक्सी के ऐलान से हमारे ड्राइवरों के बिजनेस और कमाई को बड़ा खतरा है। ऑटो चालकों के संगठन फैसले से खुश नहीं है , तो वहीं सरकार का कहना है कि बाइक टैक्सी से नौकरियां निकलेंगी। ई-बाइक से प्रदूषण में कमी आयेगी। ऑटो चालक संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि ज्याद दुपहिया वाहनों और ज्यादा ट्रैफिक की समस्या और बढ़ेगी।

# छत्रपति संभाजीनगर के होटल में लगी आग, बुझाई गई; कोई हताहत नहीं

**मुंबई** : छत्रपति संभाजीनगर राजमार्ग पर स्थित एक होटल में गुरुवार रात आग लग गई। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने हादसे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि होटल में आग रात 8:15 बजे लगी थी। यह होटल कथित तौर पर शिवसेना विधायक प्रदीप जायसवाल का है। अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

शिवसेना यूबीटी के विधायक सुनील राउत और पूर्व कॉरपोरेटर रश्मि पाहुदकर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मुंबई के विखोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।



# पके कटहल से दूर होंगी कई बीमारियां

गर्मियों के मौसम में कटहल हर कोई खाना पसंद करता है। इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है। पके कटहल में प्रोटीन भी बहुत ही अधिक मात्रा में पाया जता है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम हृदय संबंधी समस्याओं को दूर रखने में मदद करता है। कटहल आपके लिवर के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होता है। तो चलिए आपको बताते हैं कि पका कटहल खाने से आपकी सेहत को और कौन–कौन से फायदे हो सकते हैं.

## कटहल के पत्ते भी हैं फायदेमंद

कटहल ही नहीं बल्कि उसके पत्ते भी आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। जिनके मुंह में छाले की समस्या होती है उन्हे कटहल के पत्ते को चबाना चाहिए। इससे उनकी मुंह के छालों में काफी आराम मिलेगा।

## पाचन मजबूत

गर्मियों में यदि आपको खाना नहीं पच पाता तो आप पके हुए कटहल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करके आपका वजन सुधारने में भी मदद करता है।

## इम्यूनिटी होगी स्ट्रांग

पके कटहल में विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन–सी आपके शरीर में एक एंटीऑक्सीडेंट के रुप में कार्य करता है। इसका सेवन करने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रांग होती है। साथ ही यह आपके शरीर के लिए इम्यूनिटी बूस्टर की तरह काम करता है।

## लिवर रहता है स्वस्थ

पके कटहल का सेवन करने से आपका लिवर भी स्वस्थ रहता है। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपके लिवर को मजबूत बनाते हैं। इसमें राइबोफ्लेविन, जिंक, कॉपर और नाइसिन जैसे तत्व पाए जाते हैं जो लिवर को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

## दिल रहेगा स्वस्थ

पका हुआ कटहल आपके हृदय के लिए भी बहुत ही लाभकारी माना जाता है। इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

## वजन होगा कम

पके हुए कटहल में एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं जो आपके शरीर में बढ़ते हुए मोटापे को रोकने में मदद करते हैं। इसका अलावा इसे रेसवेरास्ट्रॉल नाम के एंटीऑक्सीडेंट का भी बहुत ही अच्छा स्त्रोत माना जाता है। यह आपके रक्त के संचार को कंट्रोल करन में भी मदद करता है।



# हार्ट के साथ-साथ शरीर के लिए भी फायदेमंद होगी ये एक्सरसाइज

**कोई भी बीमारी सेहत के लिए अच्छी नहीं होती। इन दिनों खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के कारण हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी डाइट और व्यायाम करना बहुत ही जरुरी है। एक्सरसाइज करने से आपका शरीर एकदम फूर्तीला रहता है और आप बीमारियों से भी दूर रहेंगे। आज आपको कुछ ऐसी एक्सरसाइज बताएंगे जो आपके हार्ट के साथ-साथ आपके स्वस्थ शरीर के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होगी। तो चलिए जानते हैं उनके बारे में.**

## कार्डियो एक्सरसाइज करें

हृदय को स्वस्थ रखने के लिए आप कार्डियो एक्सरसाइज को अपनी डेली रुटीन में शामिल कर सकते हैं। इसमें जॉगिंग, साइकिलिंग और वॉक भी शामिल हैं। इससे आपके हृदय की गति तेज होगी और साथ में हृदय की मांसपेशियों की भी एक्सरसाइज होगी।

## स्ट्रेचिंग और वेट लिफ्टिंग

आप अच्छे स्वास्थ्य और दिल को स्वस्थ रखने के लिए वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज और स्ट्रेचिंग भी कर सकते हैं। स्ट्रेचिंग करने से आपके शरीर में लचीलापन आता है। साथ ही वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज करने से आपका वजन कंट्रोल में रहता है और शरीर में ताकत भी आती है। वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज में आप पुशअप्स, स्क्वैट्स, पुलअप्स जैसी एक्सरसाइज को अपनी रुटीन का हिस्सा बना सकते हैं।

## जंपिंग जैक एक्सरसाइज करें

जंपिंग जैक एक्सरसाइज आपके हेल्दी हार्ट के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इससे आपका हृदय स्वस्थ रहता है। इससे हृदय की गति भी बहुत अच्छे से होती है।

- सबसे पहले आप सीधे खड़े हो जाएं।
- इसके बाद ऊपर की ओर उछलें और अपने हाथों को भी ऊपर उठा लें।
- हाथ उठाने के बाद पैरों को भी फैला लें।
- ऐसे ही 10–15 मिनट तक करें और फिर नीचे नार्मल पॉजिशन में आ जाएं।

## हर्डल जंप करें

आप हृदय को स्वस्थ रखने के लिए आप हर्डल जंप एक्सरसाइज भी कर सकते हैं। इसमें आप किसी हर्डल को लेकर उसके ऊपर से जंप करें। आप डंबल, बॉक्य या फिर किसी स्टेपर का हर्डल के रुप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इन चीजों को आप उछल कर पार करें। इस एक्सरसाइज से आपकी हार्ट बीट तेज होगी। हार्ट बीट तेज होने से आपका दिल मजबूत बनेगा।

## बर्पी एक्सरसाइज करें

बर्पी एक्सरसाइज आपकी बाजुओं , टांगों और छाती के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इस एक्सरसाइज में स्क्वाट, पुशअप, जंपिंग तीनों चीजें एकसाथ की जाती है। यह तीनों एक्सरसाइज आपको एक सैट में ही करनी पड़ती हैं। इस एक्सरसाइज से आपकी हृदय गति तेज होगी और दिल की धड़कन एकदम नॉर्मल हो जाएगी।



# गर्मी में रखें अपनी आंखों को सुरक्षित

पूरे भारत में गर्मी का हाल बेहाल है। बढ़ती गर्मी के कारण व्यक्ति कई प्रकार की बीमारियों का शिकार हो रहा है। इनमें मुख्य है त्वचा सम्बन्धी रोग और दूसरा है नेत्र सम्बन्धी रोग। दिन–ब–दिन तापमान बढ़ता जा रहा है और भीषण गर्मी असहनीय होती जा रही है। ऐसे में लोग गर्मी से अपना बचाव करते हैं। हम अपने शरीर को ऊपर से नीचे तक कपड़े और सनस्क्रीन से ढक सकते हैं, लेकिन हमारी आंखों को हम सुरक्षित नहीं कर पाते। गर्मी की वजह से शरीर से ज्यादा तकलीफ हमारी आँखों को होती है। आंखें न केवल हानिकारक यूवी किरणों के सम्पर्क में आती हैं बल्कि गन्दगी, प्रदूषण से भी प्रभावित होती हैं। हम कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं जिनका उपयोग करके वे अपनी आँखों को इस भीषण गर्मी में संक्रमित होने से बचा सकते हैं।

## धूप का चश्मा

जिस तरह आप अपने शरीर को कपड़ों से ढकते हैं, दस्ताने से लेकर टोपी तक, उसी तरह आपकी आंखों की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। अपने घर से बाहर निकलते समय, यूवी किरणों को सीधे अपनी आंखों में प्रवेश करने से रोकने के लिए आपको सन ग्लास अर्थात धूप का चश्मा अपनी आँखों पर लगाना चाहिए।

## कम से कम 8 घंटे सोएँ

गर्मी के दिनों में प्रयास करके अपनी आंखों को पूरा आराम दें। इसके लिए जरूरी है कि आप कम से कम आठ घंटे की नींद जरूर लें। आठ घंटे की नींद लेने न केवल आपकी आँखें पूरी तरह से सुरक्षित रहती हैं अपितु यह आपके शरीर को भी पूरा आराम प्रदान करता है। साथ ही आपके इम्युनिटी पावर को भी बरकरार रखता है।

## ठंडे पानी से बार बार आंखें धोएं

अपनी आंखों को ठंडा रखने के लिए उन्हें ठंडे पानी से बार–बार धोने की कोशिश करें। ठंडा पानी आंखों से गर्मी को दूर करने में मदद करता है और उन्हें बेहतर महसूस कराता है। अपनी आंखों को लुब्रिकेट करें हमारी आंखें नमी खो देती हैं और सूखी और खुजलीदार हो जाती हैं। ऐसे में ढेर सारा पानी पीकर शरीर को हाइड्रेट रखना चाहिए। जो लोग ऑफिस में लगातार कम्प्यूटर के सामने बैठकर काम करते हैं उन्हें अपनी आँखों को लेकर संजीदगी बरतनी चाहिए। उन्हें कम्प्यूटर पर काम शुरू करने से पहले अपनी आँखों को आई ड्रॉप्स से धोना चाहिए। आठ से दस घंटे लगातार कम्प्यूटर पर काम करने वाले लोगों को ऐसा कम से कम 3 बार करना चाहिए। आँखों में आई ड्रॉप्स डालने से आँखों की चिकनाई बरकरार रहती है।

## आंखों पर सनस्क्रीन का प्रयोग करने से बचें

अधिकांश युवा अपने चेहरे को सन स्क्रीन से बचाने के लिए क्रीम का प्रयोग करते हैं। इस क्रीम को लगाते वक्त वे उसको पलकों और भौंह पर भी लगा देते हैं। यदि आप ऐसा करते हैं तो यह गलत है। आपको अपनी पलकों या आँखों पर सनस्क्रीन लगाने से बचाव करना चाहिए, क्योंकि इससे वे लाल और खुजलीदार हो सकते हैं।

## जयपुर में 3 फ्लैट, फार्म हाउस और लग्जरी कारें

● हैरान कर देगी एक सरकारी इंजीनियर की दौलत!

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी मुहिम के तहत एंटी करप्शन ब्यूरो ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता हरिप्रसाद मीणा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में अभियंता की अवैध कमाई का जो स्तर सामने आया है, उसने सभी को चौंका दिया है। एसीबी की टीमों ने अभियंता के पांच ठिकानों पर एक साथ दबिश दी, जहां से करोड़ों रुपये की लग्जरी कारें, बेशकीमती संपत्तियां और अन्य महंगी वस्तुएं बरामद हुई। जांच में सामने आया कि अभियंता के पास उसकी वैध आय से करीब 200 गुना अधिक संपत्ति है। एसीबी के डीजी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि यह कार्रवाई जयपुर के दूदू क्षेत्र में की गई, जहां अधिशासी अभियंता हरिप्रसाद मीणा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया गया। इस दौरान एसीबी की विभिन्न टीमों ने अभियंता के पांच अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। जांच में जो संपत्ति और दस्तावेज सामने आए, उन्हें देखकर एसीबी की टीम भी हैरान रह गई। पूरे राज्य में इस कार्रवाई की चर्चा हो रही है। बताया जा रहा है कि अभियंता ने अपने पद का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपये की संपत्ति अवैध रूप से अर्जित की। कार्रवाई के दौरान एसीबी ने अभियंता के पास से दो ऑडी कार, एक स्कॉर्पियो, एक फोर्ड एंडेवर और एक रॉयल एनफील्ड बाइक जब्त की हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

# बढ़ गई चिंता! बिहार चुनाव में ले ना डूबे 'वक्फ कानून'

### नीतीश सहित सहयोगियों की मदद के लिए रणनीति बना रही बीजेपी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगियों की वक्फ (संशोधन) एक्ट को लेकर बढ़ती चिंताओं को शांत करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। इस अभियान का उद्देश्य विपक्ष के दावों का खंडन करना और खासकर बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) (जेडीयू) जैसे सहयोगियों पर पड़ रहे दबाव को कम करना है। बिहार में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और भाजपा का नीतिश कुमार की पार्टी के साथ केंद्र व राज्य में गठबंधन है। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा अब मुस्लिम समुदाय के बीच जाकर इस कानून को लेकर फैली 'गलतफहमियों' को दूर करने की तैयारी में है। पार्टी एक व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी, जिसमें नेता घर-घर जाकर लोगों को वक्फ कानून की खूबियों के बारे में बताएंगे और विपक्ष के दावों को खारिज करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, यह पहल खासतौर पर बिहार में केंद्रित होगी, जहां जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और भाजपा की सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड) को अल्पसंख्यक समुदाय के समर्थन की जरूरत है। विपक्ष द्वारा वक्फ एक्ट को 'अल्पसंख्यक विरोधी' करार देने के बाद एनडीए के सहयोगी दलों पर दबाव बढ़ा है। इस अभियान को सुचारु रूप से चलाने के लिए भाजपा ने एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें भाजपा के महासचिव दुष्यंत गौतम, राधा मोहन दास अग्रवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख जम्माल सिद्दीकी और भाजपा नेता अनिल एंटनी शामिल हैं।

## बिहार-यूपी में बिजली गिरने से 28 लोगों की मौत

### देश के 20 राज्यों में आंधी-बारिश

नई दिल्ली (एजेंसी)। भीषण गर्म के बाद देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में मौसम बदला है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश में बुधवार शाम से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग ने देश के 20 से ज्यादा राज्यों में आज (गुरुवार को) आंधी-तूफान और




बारिश की संभावना जताई है। लखनऊ, कानपुर समेत यूपी के 25 जिलों में बारिश जारी है। यहां बिजली गिरने से छह की मौत हो गई है। मरने वालों में फतेहपुर के 2 बच्चे, फिरोजाबाद की एक महिला और सीतापुर का एक किसान शामिल है। वहीं, बिहार में बीते 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने से 22 की मौत हुई हैं। आज 32 जिलों में यलो अलर्ट है।

# भारत लाया गया मुंबई हमले का दोषी तहव्वुर राणा

### दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ विशेष विमान, सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2008 मुंबई आतंकी हमलों का दोषी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत ला रहा विशेष विमान दिल्ली पहुंच गया है। यह विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां से तहव्वुर को सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया। एनआईए हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जेल सोर्स के मुताबिक, राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि, उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी एनआईए और खुफिया एजेंसी रॉ की एक जॉइंट टीम तहव्वुर को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी। राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जा सकता है। पेशी से पहले उसका मेडिकल टेस्ट किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही कमांडोज



को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद रही। केंद्र सरकार ने इस मामले में नरेंद्र मान को स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर के तौर पर नियुक्त किया है।

**अमेरिकी सरकार बोली- राणा का रोल साबित हुआ-** अमेरिकी सरकार का कहना है, 'हेडली ने बताया है कि राणा ने एक शख्स को आदेश दिया कि वो हेडली के लिए मुंबई में फर्स्ट वर्ल्ड ऑफिस खोलने से जुड़ी फर्जी कहानी को सच दिखाने वाले डॉक्यूमेंट्स बनाए। राणा ने ही हेडली को सलाह दी कि भारत विजिट करने के लिए वीजा कैसे हासिल करना है। ये सारी बातें ईमेल और अन्य दस्तावेजों से प्रमाणित हुई हैं।

64 साल का तहव्वुर हुसैन राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। तहव्वुर हुसैन पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर के तौर पर काम करता था। इसके बाद वह 1997 में कनाडा चला गया और वहां इमिग्रेशन सर्विसेस देने वाले बिजनेसमैन के तौर पर काम शुरू किया। कनाडा से वह अमेरिका पहुंचा और शिकागो सहित कई लोकेशंस पर फर्स्ट वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विसेज नाम से कंसल्टेंसी फर्म खोली। अमेरिकी कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, राणा कई बार कनाडा, पाकिस्तान, जर्मनी और इंग्लैंड भी गया था। वह लगभग 7 भाषाएं बोल सकता है।

## मणिपुर में फिर तनाव, 17 अप्रैल तक लगाया कर्फ्यू

● चुराचांदपुर में दो जनजातियों के बीच बढ़ गया था विवाद

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में दो जनजातियों के बीच हुए विवाद की वजह से बुधवार को 17 अप्रैल तक कर्फ्यू लगाया गया। जोमी और हमार जनजाति के बीच मंगलवार को विवादित जगह पर अपने-अपने समुदाय के झंडे फहराने को लेकर तनाव पैदा हो गया था। यह विवादित जगह वी मुनहोइह और रेंगकाई गांवों के बीच है। वी मुनहोइह और रेंगकाई के साथ ही



कांगवाई, समुलामलान और संगाइकोट में भी कर्फ्यू लगाया गया है। हालांकि, इन इलाकों में सुबह 6 बजे से 5 बजे शाम तक कर्फ्यू में छूट दी गई है। बुधवार को कलेक्टर ने दोनों गांवों के लोगों की बैठक ली। इस दौरान दोनों समुदायों ने कहा कि यह विवाद जातीय नहीं जमीन का है। बैठक में लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहें न फैलाने की अपील की गई। इससे पहले दोनों जनजातियों के बीच 18 मार्च को झंडा हटाने को लेकर हिंसा हुई थी। इस हिंसा में हमार जनजाति के रोपुई पाकुमटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए थे। पिछले 16 मार्च को रविवार देर शाम हमार जनजाति के नेता रिचर्ड हमार पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया था। रिचर्ड अपनी गाड़ी चला रहे थे।

## भारत को घेरने के लिए चीन ने चली नई चाल!

● बांग्लादेश में एयरबेस बनाते ही पूरा हो जाएगा ख्वाब ● पाकिस्तान संग मिलकर भारत को घेरने में जुटा ड्रैगन

**ढाका (एजेंसी)।** इक्कीसवीं सदी की सबसे जटिल और खतरनाक रणनीतिक चालें अब सिर्फ मिसाइलों, टैंकों या युद्धपोतों से नहीं, बल्कि एयरबेस और बंदरगाहों की पोजिशनिंग से तय हो रही हैं। हाल ही में रिपोर्ट मिली है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने चीन को लालमोनिरहाट एयरबेस बनाने का प्रस्ताव दिया है। जो भारत के लिए एक रणनीतिक अलर्ट है। मोहम्मद यूनुस का ये कदम सीधे-सीधे पूर्वी भारत की सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक में भारत की रणनीतिक गहराई को चुनौती देता है। इस ऑफर की संवेदनशीलता तब और बढ़ जाती है जब हम इसे चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति के हिस्से के रूप में देखें, एक ऐसा जियो-स्ट्रैटजिक चक्रव्यूह जो भारत को समुद्र और जमीन, दोनों से घेरने के इरादे से रचा जा रहा है। बांग्लादेश ने अब



तक अपनी विदेश नीति को संतुलित रखा था। भारत, अमेरिका और चीन, तीनों से संबंध बनाए रखने की उसकी कोशिशों को कूटनीतिक रूप से सराहा जाता रहा है। लेकिन अब मोहम्मद यूनुस की अगुआई में जो नया अस्थायी ढांचा बना है, उसमें चीन के साथ बढ़ती नजदीकियों ने भारत के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। चीन की कंपनियों की तरफ से पहले से ही बांग्लादेश में पहले ही दर्जनों इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट चलाए जा रहे हैं, लेकिन एयरबेस या मिलिटरी लोकेशन की बात अब तक टाली जाती रही। लेकिन अब एयरबेस के न्योते से साफ हो गया है कि ढाका की नीति अब केवल इकोनॉमिक नहीं रही, बल्कि वह रणनीतिक रूप से भारत को खतरे में डालना चाहता है। लालमोनिरहाट, भारत के रणनीतिक सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बेहद नजदीक है, जो देश के पूर्वोत्तर राज्यों को भारत के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। यदि चीन इस एयरबेस को बनाता है, तो यह उसके 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति की अगली कड़ी बन सकती है, जिससे भारत की पूर्वी सीमाएं खतरे में आ जाएंगी। दिलचस्प बात यह है कि चीन अब बांग्लादेश में एयरबेस बनाने के सपने देख रहा है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया बदनावर-उज्जैन फोरलेन का लोकार्पण

# मप्र में 33 हजार करोड़ के 5 इकोनॉमिक कॉरिडोर बनेंगे

## सालभर में 3 लाख करोड़ रुपए के इंफ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा करेंगे

- **इसके अलावा 1200 करोड़ की लागत से 6 रोप भी बनाए जाएंगे। केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने धार के बदनावर में गुरुवार को ये घोषणाएं कीं।**



**बदनावर।** मप्र में 33 हजार करोड़ की लागत से 5 ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर बनेंगे। ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी पर विश्वस्तरीय आइकोनिक ब्रिज बनाया जाएगा। इसके अलावा 1200 करोड़ की लागत से 6 रोप भी बनाए जाएंगे। केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने धार के बदनावर में गुरुवार को ये घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि मैं इस बात का विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आने वाले दो साल के अंदर मध्यप्रदेश का नेशनल हाईवे नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बनेगा। मैं जो बात करूंगा, वो डंके की चोट पर पूरी करके दूंगा। गडकरी ने कहा कि हम मध्यप्रदेश में सालभर में 3 लाख करोड़ रुपए का इंफ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा करके देंगे। केवल रोड नहीं बनेंगे। दिल्ली-मुंबई से आप जुड़ जाएंगे तो जमीनों की कीमत बढ़ जाएगी। इंडस्ट्री आएगी, इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनेंगे, गोडाउन बनेंगे। रोजगार मिलेगा तो गरीबी-भुखमरी से मुक्ति मिलेगी। इससे पहले गडकरी ने रिमोट दबाकर बदनावर-उज्जैन फोरलेन का लोकार्पण किया। धार जिले के बदनावर में 1352 करोड़ लागत से तैयार इस फोरलेन का निर्माण भारत माला परियोजना के तहत किया गया है। गडकरी ने कार्यक्रम में कुल 5800 करोड़ की 328 किलोमीटर लंबी 10 सडक परियोजनाओं का भूमिपूजन भी किया। मंत्री नितिन गडकरी ने मप्र की सडकों की पहले की स्थिति पर व्यंग कसते हुए एक वाकया भी सुनाया। उन्होंने कहा कि एक बार में जब बीजेपी का अध्यक्ष था। मैं दौरा कर रहा था तभी एक जवान स्कूटर पर अपनी पत्नी को लेकर तेजी से जा रहा था। मेरे साथ पुलिस की गाडि ?ां थीं। उसने हमारी गाडियों को ओवरटेक किया, पीछे मुडकर बार-बार देख रहा था। उतने में मेरे पास बैठे पार्टी के प्रमुख ने कहा देखो वह आपको देख रहा है। मैंने बोला मूर्ख वह मुझे नहीं देख रहा है, वह देख रहा है रोड पर इतने गड्ढे हैं, पत्नी बैठी है कि गिर गई। हमारे नागपुर पर एयरपोर्ट से लोग उतरकर जब जाते थे तो महाराष्ट्र में नींद आती थी और मप्र लग जाता था तो नेचुरल नींद खुल जाती थी। ऐसी हालत थी सडकों की। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी संबोधित किया और केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से प्रदेश के विकास के लिए कई मांगे की। **अमेरिका से अच्छी बनेगी मप्र की सडकें-** भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हम एक साल में तीन लाख करोड़ के काम हम पूरा करने जा रहे हैं। मप्र की सडकें अमेरिका से भी अच्छी होंगी। मैं आप सबको इस बात का विश्वास देना चाहता हूं कि आने वाले दो साल के अंदर मप्र का नेशनल हाईवे रोड नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बनेगा और मैं जो घोषणा करता हूं वो हवा में नहीं जाती। मैं बड़ी-बड़ी बातें करने वाला लीडर नहीं हूं, जो बात करूंगा वह डंके की चोट पर पूरी करके दूंगा। गडकरी ने बेहतर रोड के फायदे बताते हुए कहा कि जहां रोड अच्छा होता है, वहां व्यापार भी अच्छा होता है। किसी भी देश के विकास मे चार चीजें महत्वपूर्ण होती हैं, जिसको हम अंग्रेजी में इंफ्रास्ट्रक्चर कहते हैं। वॉटर, पॉवर, ट्रांसपोर्ट एंड कम्युनिकेशन चार चीज जहां होती हैं।

### भाजपा ने सडकों का काला अतीत खत्म किया: डॉ. मोहन


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ये बदलते दौर का मध्यप्रदेश है। आज जिस तरह से सडक कनेक्टिविटी बढ़ रही है, उसने सडकों का काला अतीत खत्म किया है। ये काम बीजेपी सरकार ने कर दिखाया है। बदनावर-उज्जैन फोरलेन बनने से गुजरात के साथ अन्य राज्यों के लिए आने-जाने में आसानी होगी। सीएम ने कहा कि आने वाले सिंहस्थ में हम ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं कि उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं आएगी।

### 1200 करोड़ के कामों को मंजूरी

*कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कई घोषणाएं भी कीं। उन्होंने सेंट्रल रोड फंड में 1200 करोड़ के कामों को मंजूरी दी। 33 हजार करोड़ की लागत से 5 ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर बनेंगे। ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी पर आइकोनिक ब्रिज बनेगा। सतना से मैहर तक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर बनेगा। 1200 करोड़ की लागत से 6 रोप वे बनेंगे। ये उज्जैन, जबलपुर, सागर में बनाए जाएंगे। 1900 करोड़ की लागत से बदनावर-मांदला-तिमरवानी फोरलेन को मंजूरी। 280 करोड़ की लागत से मिसरोद से औबेदुल्लागंज सिक्सलेन चौड़ीकरण होगा।*

## प्रधानमंत्री मोदी आज ईसागढ़ के आनंदपुर धाम आएंगे

- **गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे**



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप शुक्रवार को अशोकनगर जिले में ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर धाम आएंगे। प्रधानमंत्री मोदी गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे और आनंदपुर धाम स्थित मंदिर परिसर का भ्रमण भी करेंगे। आध्यात्मिक और पारमार्थिक उद्देश्य से स्थापित आनंदपुर धाम 315 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां आधुनिक गौशाला संचालित है, जिसमें 500 से अधिक गौवंश है। आनंदपुर ट्रस्ट यहां कृषि कार्य भी कर रहा है। श्री आनन्दपुर ट्रस्ट ग्राम सुखपुर तहसील ईसागढ़ में 1977 से चैरिटेबल अस्पताल संचालित है। यहां मरीजों के लिए 125 बिस्तरों की व्यवस्था है। अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 600 मरीजों की ओ.पी.डी. संचालित है। यहां एमडी फिजिशियन, डेंटल स्पेशलिस्ट, एमएस जनरल सर्जरी, एम.एस. आर्थोपेडिक, कॉर्डियोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट तथा नेत्रसर्जन पदस्थ है। वर्ष में विशेष स्वास्थ्य शिविर भी यहां आयोजित किये जाते हैं। ट्रस्ट द्वारा आनंद प्राथमिक विद्यालय सुखपुर, आनंद माध्यमिक विद्यालय आनंदपुर तथा आनंद मिडिल स्कूल ग्राम सुखपुर में संचालित हैं, जिसमें 62 शिक्षक-शिक्षिकाएं पदस्थ हैं एवं 1215 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। श्री आनंदपुर ट्रस्ट के अन्य महत्वपूर्ण सत्संग केन्द्र श्री प्रयागधाम जिला पुणे (महाराष्ट्र), श्री आनंदपुर सत्संग ट्रस्ट जम्मू, अमरधाम चैम्बूर मुम्बई (महाराष्ट्र), विवेक धाम बैंगलुरू (कर्नाटक), स्वरूप धाम पथरीताल गोंडा (उ.प्र.), आनंदधाम पंचगुणी जिला सतारा (महाराष्ट्र), आनंदधाम वसंतकुंज (दिल्ली) तथा श्री संतनगर जिला धौलपुर (राजस्थान) में संचालित है। मध्यप्रदेश में पुनीत धाम जिला शिवपुरी, परमधाम जिला ग्वालियर और सुखधाम जिला इंदौर में ट्रस्ट के सत्संग केन्द्र स्थापित हैं। श्री आनंदपुर ट्रस्ट एवं इसके अन्य आश्रमों में वैशाखी, गुरु पूर्णिमा, दीपावली, मकर संकाति और श्री परमहंस जी का जन्मोत्सव पर्व मनाया जाता है।



राजधानी भोपाल के नीलम पार्क में वक्फ बोर्ड बिल के विरोध में मध्य विधानसभा विधायक आरिफ मसूद के नेतृत्व में जलसा रखा गया

## धोनी होंगे सीएसके के कप्तान

### गायकवाड इंजरी के कारण आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली।** एमएस धोनी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते नजर आएंगे। टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ इंजरी के कारण आईपीएल के 18वें सीजन से बाहर हो गए हैं। यह जानकारी टीम के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने दी। सीएसके ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी गायकवाड की इंजरी के बारे में बताया।

#### *टीम में रिप्लेसमेंट के ऑप्शन कम*

*कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि जहां तक रिप्लेसमेंट की बात है तो हमारे पास टीम में कुछ ही विकल्प हैं। हमने अभी तक किसी पर फैसला नहीं किया है। धोनी कमान संभालने के लिए तैयार थे। इसलिए उन्हीं का नाम फाइनल किया गया। गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान गायकवाड को तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे की गेंद कोहनी पर लगी थी। उन्होंने मैच में अर्धशतक जरूर जड़ा था, लेकिन चेन्नई मुकाबला हार गई थी। गायकवाड ने मैच के बाद कुछ दिन ट्रेनिंग नहीं की थी। अब वे टूनार्मेंट से बाहर ही हो गए।*

## संघ को हराना कांग्रेस के लिए शेखचिल्ली के सपने जैसा, कांग्रेस आंतकियों के साथ बिरयानी खाने में मस्त: रामेश्वर शर्मा

**भोपाल।** कांग्रेस के गुजरात में हुए भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को लेकर दिए बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा है कि संघ को हराना कांग्रेस के लिए शेखचिल्ली के सपने जैसा है। भाजपा विधायक शर्मा ने कहा है कि आरएसएस को पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू भी नहीं हरा सके थे। संघ को हराना शेखचिल्ली के सपने के समान है। नेहरू ने भी आरएसएस को हराने की कोशिश की, मगर सफल नहीं हुए। इतना ही नहीं, कई षड्यंत्र रचे गए, हजारों स्वयंसेवकों को जेल में डालने की कोशिश की गई, इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर स्वयंसेवकों पर ज्यादती की गई, संघ के स्वयंसेवकों के साथ क्रूर व्यवहार हुआ, उनके नाखून खींचे गए, उन्हें मारा गया, उन्हें सताया गया, उनकी संपत्ति का नुकसान हुआ, पर संघ का स्वयंसेवक देहनिष्ठ कार्यकर्ता है। इतना ही नहीं, स्वयंसेवक का ध्येय मैं रहूं न रहूं, मेरा हिंदुस्तान रहना चाहिए है। उन्होंने कहा कि संघ का कार्यकर्ता सत्ता के लिए नहीं लड़ता, हिंदुस्तान के लिए लड़ता है। वह राम, कृष्ण, गौतम बुद्ध, महावीर, गुरुनानक की संस्कृति के लिए लड़ता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा चीनी उत्पादों पर टैरिफ 104% से बढ़ाकर 125% किए जाने के फैसले पर चीन ने सख्त प्रतिक्रिया दी है। चीनी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, हम पीछे नहीं हटेंगे और अपने नागरिकों को उनके उचित अधिकार और हितों से वंचित नहीं होने देंगे। वहीं, चीनी वा ाज्य मंत्रालय ने कहा, बातचीत के दरवाजे खुले हैं, लेकिन यह संवाद केवल आपसी सम्मान और बराबरी के आधार पर ही संभव है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद वैश्विक व्यापार जगत में हलचल तेज हो गई है और एक्सपर्ट्स इसे अमेरिका-चीन ट्रेड वॉर का नया अध्याय मान रहे हैं।




### नक्सलियों ने दूसरी बार शांतिवार्ता के लिए सरकार के सामने रखी अपनी बात

## पूर्ण युद्धविराम कर देंगे, सरकार साथ दे

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों ने सप्ताहभर के अंदर दूसरी बार शांतिवार्ता के लिए सरकार के सामने अपनी बात रखी है। नक्सली लीडर रूपेश ने पर्चा जारी कर कहा कि हम पूर्ण युद्धविराम कर देंगे, लेकिन सरकार साथ दे। सरकार की तरफ से सकारात्मक संकेत मिलते ही पूर्ण युद्धविराम कर देंगे। हमें अपने नेतृत्वकर्ता के साथ बैठकर इस विषय में बातें करनी हैं। इसके बिना वार्ता करना संभव नहीं है। वहीं गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि, नक्सली वार्ता करना चाहते हैं तो हम तैयार हैं, लेकिन बंदूक का जवाब चर्चा से नहीं बंदूक से होता है। बता दें कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म कर देंगे। शाह की डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं। 2025 में अब तक 142 नक्सली मारे गए हैं। इससे पहले सेंट्रल कमेटी ने पर्चा जारी कर स्वीकार किया था कि पिछले 15 महीनों में उनके 400 साथी मारे गए हैं।



# मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने केंद्र सरकार से कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन को भारतीय रेलवे में विलय करने का किया अनुरोध...

**मुंबईः** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कोंकण रेलवे के सामने आने वाली कई समस्याओं पर प्रकाश डाला और केंद्र सरकार से कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन को भारतीय रेलवे में विलय करने का अनुरोध किया, जिसमें गोवा और कर्नाटक राज्य सरकारों द्वारा की गई इसी तरह की मांगों का हवाला दिया गया। ''हमने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि कोंकण रेलवे को कोंकण रेलवे के रूप में रेलवे में ही शामिल किया जाना चाहिए। वर्तमान में, यह केवल एक निगम है, और इसीलिए इसे लाइनों के दोहरीकरण और अन्य बुनियादी ढाँचे के मामले में विकास और विस्तार के मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है,'' सीएम फडणवीस ने मुंबई में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा।



फडणवीस ने कहा, ''गोवा और कर्नाटक राज्य सरकारों ने भी इसी तरह की मांग की है।'' कोंकण रेलवे का प्रबंधन वर्तमान में कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाता है, जिसमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा और केरल राज्य सरकारें केंद्रीय रेल मंत्रालय के साथ स्वायत्त निगम में लाभार्थी हैं। कंपनी को जुलाई 1990 में एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में शामिल किया गया था। कंपनी में लाभार्थी सभी चार राज्य, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा और केरल, अपने-अपने राज्य विधानसभाओं में प्रस्ताव पारित करके इसे भारतीय रेलवे के साथ विलय करने पर सहमत हो गए हैं। इससे पहले मुंबई में पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बल्लारशाह-गोंदिया के दोहरीकरण परियोजना को मंजूरी दे दी है, जिसके लिए 4,819 करोड़ रुपये मंजूर किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में महाराष्ट्र से जुड़ी परियोजनाओं के लिए 1 लाख 70 हजार करोड़ से अधिक की राशि मंजूर की गई है। वैष्णव ने कहा, ''पीएम मोदी ने हालिया कैबिनेट बैठक में बल्लारशाह-गोंदिया की 240 किलोमीटर की दोहरीकरण परियोजना को मंजूरी दी है, जिसके लिए 4,819 करोड़ रुपये दिए गए हैं।'' ''बल्लारशाह और गोंदिया के दोहरीकरण से हमें उत्तर से दक्षिण की ओर आवाजाही के लिए एक गलियारा मिलेगा। उन्होंने कहा, ''इससे विदर्भ और मराठवाड़ा जैसे आकांक्षी जिले प्रभावित होंगे क्योंकि वे आपस में जुड़ जाएंगे।''

# तहव्वुर राणा से गहनता से पूछताछ; महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की भी प्रक्रिया

**मुंबईः** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा के अमेरिका से भारत लाया गया है, जिसके बाद कानूनी प्रक्रिया फॉलो करते हुए NIA ने उसे अरेस्ट कर लिया है. अब तहव्वुर राणा से गहनता से पूछताछ की जाएगी. संभावना है कि राणा कई राज खोलेगा और कई संदिग्ध आरोपियों के नाम भी सामने आएंगे. इसपर महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की भी प्रक्रिया आई है. अजित पवार ने बताया कि साल 2008 में जब आतंकी हमला हुआ था, तो वे उसी शहर में थे.



अजित पवार ने कहा, ''हम उन जगहों पर गए, जहां हमले हुए थे. घटना इतनी गंभीर थी कि पूछो मत. इसलिए यह जानना जरूरी था कि इसका मास्टरमाइंड कौन है. पूछताछ करने की बहुत कोशिश की गई. अब यह जो आदमी (तहव्वुर राणा) मिला है, उससे पता चलेगा कि ऐसी वारदात को अंजाम देने के लिए किसने कहा था? इसका कारण क्या था?''

**'सब पता करने के बाद आगे का प्लान होगा तैयार'**

अजित पवार ने कहा, ''यह सब जानने के बाद हमारा लाइन ऑफ एक्शन क्या होना चाहिए? ज्यादा से ज्यादा क्या करने के बाद लोग सुरक्षित और खुश रहेंगे? इसपर योजना बनाई जाएगी.''

वहीं, कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे ने कहा कि यह सरकार की एक प्रकिया है. कसाब और अफजल को फांसी देने का काम हमलोग ने किया था. सुप्रीम कोर्ट के कहने पर अब देखते हैं क्या होता है. एनआईए इस मामले की जांच कर रही है.

**मुंबई आतंकी हमले से कैसे जुड़ा है तहव्वुर राणा?**

NIA के अनुसार, तहव्वुर राणा डेविड कोलमैन हेडली के भारत आने-जाने का इंतजाम करता था और उसे टारगेट की रेकी करने में मदद करता था. तहव्वुर राणा मुंबई के चबाड हाउस, नेशनल डिफेंस कॉलेज और कई सेंसिटिव एरिया में हमलों की प्लानिंग का बड़ा हिस्सा रहा था. ऐसी वारदातों के पीछे तहव्वुर राणा का मकसद केवल देश में आतंक और दहशत फैलाना था. अपने इमिग्रेशन बिजनेस की आड़ में राणा ये सारे काम करता था.

# छत्रपति संभाजी नगरः महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में एक होटल में आग

**छत्रपति संभाजी नगरः** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में गुरुवार को एक होटल में आग लग गई। 6 मंजिला इस होटल का नाम ग्रैंड सरोवर है। अच्छी बात यह है इस हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। सभी लोगों को समय रहते होटल से बाहर निकाल लिया गया था। बताया जा रहा है कि जिस होटल में आग लगी है, वह एकनाथ शिंदे की शिवसेना गुट के विधायक प्रदीप जायसवाल का है। अभी तक आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मामले की जांच कर रही है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (IGI) उषा रंगनानी ने कहा कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।



**होटल के अंदर फंसे थे चार लोग**

हादसे की जानकारी देते हुए अग्निशमन विभाग ने बताया कि आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। आग लगने के बाद होटल के अंदर चार लोग फंस गए थे, लेकिन दमकल कर्मियों ने समय रहते उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। स्थिति अब पूरी तरह से नियंत्रण में है। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट लग रहा है पूरी जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा।


कलकत्ता उच्च न्यायालय के निकट एक इमारत में आग लगीवहीं कलकत्ता उच्च न्यायालय के निकट एक इमारत में बृहस्पतिवार को आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बहुमंजिला इमारत में एक खाली पड़ी लिफ्ट के पास जमा कचरे में दोपहर करीब 1 बजकर 55 मिनट पर आग लगी। उन्होंने कहा कि आग बुझाने के लिए दमकल की चार गाड़ियों को लगाया गया और घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

# लातूर में बड़ी कार्रवाई; 17 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त

**लातूर :** मुंबई की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने लातूर जिले के चाकूर तालुका स्थित रोहिना गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है। इस कार्रवाई में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि ड्रग्स बनाने की इस अवैध फैक्ट्री का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि खुद मुंबई पुलिस का एक कांस्टेबल है।

**ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़**

राज्यभर में ड्रग्स के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है और इसी के तहत मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टीम ने लातूर में छापा मारा। रोहिना गांव में खेत में बने एक टीन शेड के अंदर ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री चल रही थी। यहां



पर कच्चे माल से ड्रग्स बनाया जाता था। पुलिस ने मौके से करीब 11.36 किलो ड्रग्स बरामद की, जिसकी कीमत लगभग 17 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

**पुलिसकर्मी निकला ड्रग्स फैक्ट्री का सरगना**

इस मामले में सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि इस अवैध धंधे का मुख्य आरोपी प्रमोद केंद्रे है, जो मुंबई पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है। प्रमोद केंद्रे ने अपने ही खेत में ड्रग्स तैयार करने की इस फैक्ट्री को खड़ा किया था। उसने बताया कि उसका संपर्क मुंबई में पहले से सक्रिय ड्रग्स गिरोह से हुआ और इसके बाद उसने गांव में यह काला कारोबार शुरू किया।

**7 आरोपी गिरफ्तार**

डीआरआई की इस कार्रवाई से मुंबई-लातूर के बीच ड्रग्स नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। इस ऑपरेशन में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से पांच को पहले ही कोर्ट में पेश किया गया था, जबकि दो अन्य को अगले दिन पेश किया गया। सभी सात आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मुंबईः वाटर टैंकर एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल से सोसाइटि, कार्यालय और शॉपिंग मॉल प्रभावित

**मुंबईः** मुंबई वाटर टैंकर एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल ने महानगर में कई हाउसिंग सोसाइटियों, कार्यालयों और शॉपिंग मॉल को प्रभावित किया है। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के कुछ कार्यालयों ने अपने कर्मचारियों को शुक्रवार को घर से काम करने के लिए कहा है। शुक्रवार को हड़ताल के दूसरे दिन, पहले से ही पानी की कमी का सामना कर रहे और पानी के टैंकरों पर निर्भर कई घरों में पानी की कमी हो गई। अंधेरी, सायन और सीवरी में हाउसिंग सोसाइटियों में पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ा, निवासियों ने शहर में भीषण गर्मी के बीच इन शर्तों को लागू करने के लिए BMC की आलोचना की। एसोसिएशन ने गुरुवार को बृहन्मुंबई नगर निगम के नोटिस का विरोध करने के लिए हड़ताल की, जिसमें केंद्रीय



भूजल प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाण पत्र के अलावा कुछ चीजों को अनिवार्य बनाया गया है। CGWA की अन्य शर्तों में केवल तभी लाइसेंस जारी करना शामिल है जब कुआं 200 वर्ग मीटर भूमि पर स्थित हो, डिजिटल जल प्रवाह मीटर, कुएं के स्वामित्व या पट्टे का प्रमाण, इक्र मानक का पालन, दैनिक सेवन का सटीक माप।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com